# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 18.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सात, सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही प्रमुख देशों के साथ बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा कि यह, ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवाद के खिलाफ भारत के सामूहिक संकल्प को दर्शाता है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री रिजिजू ने इस संयुक्त मोर्चे का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसदों और प्रतिनिधिमंडलों की सूची साझा की है। उनसठ सांसदों वाले सात समूह 32 देशों का दौरा करेंगे। प्रत्येक प्रतिनिधिमंडल में एक सेवानिवृत्त राजनयिक भी होगा।

********************

रांची में प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने 30 जून से अवैध धर्मांतरण और बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ राज्यव्यापी जन आंदोलन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ और धर्मांतरण बढ़ रहा है, जिससे आदिवासी संस्कृति और जमीनों पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा टास्क फोर्स गठन के निर्देश का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का आभार जताया। बोकारो की हालिया घटना का हवाला देते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार दुष्कर्मियों को संरक्षण दे रही है।

********************

दुनिया भर में आज अन्तर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस प्रतिवर्ष सांस्कृतिक आदान–प्रदान, सांस्कृतिक समृद्धि, सहयोग और शांति को बढ़ावा देने के महत्वपूर्ण साधन के रूप में संग्रहालयों की भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है–तेजी से बदलते समुदायों में संग्रहालयों का भविष्य। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने आज देश के सभी एएसआई स्मारकों और संग्रहालयों में जनता के लिए मुफ्त प्रवेश की घोषणा की है।

इस मौके पर पाकुड़ से मिली देवी ललिता की प्राचीन मूर्ति आज रांची के होटवार स्थित राज्य संग्रहालय में रखी जाएगी। यह मूर्ति पाकुड़ जिले के महेशपुर प्रखंड के कुलबोना गांव में बासलोय नदी से बालू उठाव के दौरान 14 मई 2024 को मिली थी। मूर्ति की पहचान अग्नि पुराण में वर्णित भगवान शिव की पत्नी ललिता देवी के रूप में की गई है। यह मूर्ति क्लोरिटाइड फाइलाइट से बनी है और झारखंड में इस तरह की स्थापत्य कला की यह पहली मूर्ति है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, रांची सर्किल की एक टीम ने मूर्ति का निरीक्षण किया।

********************

चतरा जिले के ऐतिहासिक कुंदा किला के संरक्षण की जिम्मेदारी अब वन विभाग को सौंपी गई है। उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल मीणा ने बताया कि पुरातत्व विभाग से समन्वय स्थापित कर किले की वर्तमान स्थिति को सुरक्षित रखने की योजना बनाई जा रही है। किले के आसपास के क्षेत्र का सौंदर्यकरण कर इसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

********************

रामगढ़ पुलिस ने छह चोरों को गिरफ्तार कर चोरी के गहने, मोबाइल, उपकरण और एक मोटरसाइकिल बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक हजारीबाग का रहने वाला है, जबकि बाकी रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों से हैं। इन चोरों के तार रांची और हजारीबाग जिले से भी जुड़े हैं। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि ये चोर बंद घरों को निशाना बनाकर योजनाबद्ध ढंग से चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

********************

लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड में स्थित छिपा दोहर को प्रखंड बनाने की पहल शुरू कर दी गई है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**************